प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक/सं0परि0/ पा0/ 1207-2406 /2024-25 दिनांक 25 जूला, , 2024

**विषयः-उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ के नियंत्रणाधीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में उत्तर मध्यमा प्रथम में प्रवेश हेतु संस्कृत विषय की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय वाराणसी द्वारा शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु संस्कृत विषय की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों द्वारा भी यह मांग की जा रही है कि अन्य बोर्ड से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर यदि कोई छात्र संस्कृत विद्यालय में उत्तर मध्यमा प्रथम में प्रवेश लेना चाहता है तो ऐसे छात्रों को उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की जाये।

इस संदर्भ में पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 18.07.2024 को यह विषय विचार हेतु समिति के समक्ष रखा गया। पाठ्यक्रम समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि कोई छात्र हाईस्कूल परीक्षा संस्कृत विषय के बिना उत्तीर्ण है तो उसे विद्यालय प्रधानाचार्य अन्य निर्धारित विषयों के साथ साहित्य विषय में प्रवेश दे सकेंगे। वेद एवं व्याकरण आदि शास्त्रीय विषयों में ऐसे छात्र प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे। यह व्यवस्था वर्तमान शैक्षिक सत्र से प्रभावी होगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में जनपद के समस्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय
25.6.2024
(शिव लाल)
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड़, लखनऊ।

पृ0सं0 – सं0परि0/डिप्लोमा पा0/ 1207-2406 /2024-25 तद्दिनांक।

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा,संस्कृत शिक्षा अनुभाग-9,उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा,उत्तर प्रदेश।
3. शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18-पार्क रोड, लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,उत्तर प्रदेश।
5. समस्त उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश।
6. संबंधित प्रधानाचार्य,संस्कृत माध्यमिक विद्यालय उत्तर प्रदेश।

25.6.2024
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड़, लखनऊ।

प्रेषक,

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन,शाहमीनारोड, लखनऊ।

सेवामें,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: सं0परि0/ 7341-8598 /2024-25 दिनांक 24 जुलाई, 2024

**विषय: प्रदेश में संचालित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान शैक्षिक सत्र से योग विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि उ0 प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, शाहमीना रोड, लखनऊ के पाठ्यक्रम समिति एवं कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार प्रदेश में संचालित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा स्तर पर योग विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में लागू किया जा रहा है।

वर्तमान शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्व मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा प्रथम में इसे लागू किया गया है। आगामी शैक्षिक सत्र से योग विषय पूर्व मध्यमा द्वितीय एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय में लागू होगा।

पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा स्तर पर निम्न वैकल्पिक ग्रुप में योग विषय को जाड़ा गया है-

| **पूर्व मध्यमा :- वैकल्पिक विषय (कोई एक)** | **उत्तर मध्यमा- वैकल्पिक विषय (कोई एक)** |
|---|---|
| 1. अंग्रेजी<br>2. कण्ठ संगीत/ वाद्य संगीत सितार/ वाद्य संगीत तबला<br>3. तुलनात्मक दर्शन<br>4. योग<br>5. चित्रकला | 1. अंग्रेजी<br>2 तुलनात्मक दर्शन<br>3. कण्ठसंगीत/वाद्यसंगीत सितार/ तबला<br>4. योग<br>5. चित्रकला |

कृपया जनपद में संचालित समस्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को इस सम्बन्ध में अपने स्तर से भी निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय
24.7.2024
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड, लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0/ /2024-25 तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1 शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,18-पार्क रोड, लखनऊ।
2. समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त प्रधानाचार्य, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, उत्तर प्रदेश।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड, लखनऊ।

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
18—पार्क रोड, लखनऊ।

सेवा में, **आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

1 संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2 जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: सं0परि0/परी0—25/ 11672-12930/2024—25 दिनांक 21 अगस्त 2024

**विषय: उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक की परीक्षाओं हेतु अग्रिम पंजीकरण शुल्क, परीक्षा शुल्क जमा करने एवं परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन माध्यम से भराए जाने हेतु तिथियों का निर्धारण।**

महोदय

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, शाहमीना रोड, लखनऊ की परीक्षा समिति और कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार संस्कृत बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही परीक्षा हेतु अग्रिम पंजीकरण, परीक्षा शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने आदि कार्यों हेतु तिथियॉं निर्धारित की गयी हैं। पंजीकरण एवं आवेदन पत्र पूरित करने की व्यवस्था गत वर्षों की भांति ऑनलाइन माध्यम से की जायेगी।

कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णयानुसार पूर्व मध्यमा—प्रथम (कक्षा—09) की परीक्षा विगत वर्ष के अनुसार प्रायोगिक आधार पर गृह परीक्षा के रूप में विद्यालय स्तर पर आयोजित की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण व्यवस्था विद्यालयों को स्वयं करनी होगी। फलस्वरूप विद्यालयों को पूर्व मध्यमा—प्रथम स्तर पर छात्रों का पंजीकरण करना होगा, उसी पंजीकरण संख्या के आधार पर आगामी परीक्षा वर्ष में पूर्व मध्यमा—द्वितीय की परीक्षा आयोजित की जायेगी। बोर्ड द्वारा पूर्व मध्यमा—प्रथम वर्ष हेतु परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा किन्तु पंजीकरण शुल्क देना होगा। बोर्ड द्वारा पूर्व मध्यमा—द्वितीय, उत्तर मध्यमा—प्रथम और उत्तर मध्यमा—द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। विद्यालय इन्हीं कक्षाओं की परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।

वर्ष 2025 की परीक्षा हेतु कक्षावार परीक्षा शुल्क एवं पंजीकरण शुल्क की दरें निम्नवत् निर्धारित हैं:—

**संस्थागत छात्रों हेतु**

| पाठ्यक्रम | पंजीकरण शुल्क | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| पूर्व मध्यमा प्रथम | रु0 50=00 प्रति छात्र | — |
| पूर्व मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 350=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा प्रथम | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 450=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 450=00 प्रति छात्र |
| डिप्लोमा पाठ्यक्रम | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 600=00 प्रति छात्र प्रति सेमेस्टर |

**व्यक्तिगत छात्रों हेतु —**

| पाठ्यक्रम | पंजीकरण शुल्क | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| पूर्व मध्यमा प्रथम | रु0 50=00 प्रति छात्र | ——— |
| पूर्व मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 450=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा प्रथम | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 550=00 प्रति छात्र |
| उत्तर मध्यमा द्वितीय | रु0 50=00 प्रति छात्र | रु0 550=00 प्रति छात्र |

व्यक्तिगत छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने एवं पंजीकरण आदि हेतु जनपद की भौगोलिक स्थिति के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद में एक अथवा दो व्यक्तिगत छात्रों हेतु अग्रसारण केन्द्र निर्धारित करेंगे। व्यक्तिगत अग्रसारण केन्द्र पर ही जनपद के व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत होंगे तथा उसी अग्रसारण केन्द्र से व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराये जायेंगे। केवल अनुदानित संस्कृत माध्यमिक विद्यालय को ही व्यक्तिगत परीक्षाथियों हेतु अग्रसारण केन्द्र निर्धारित किया जाये। पूर्व मध्यमा द्वितीय की व्यक्तिगत परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वे ही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2023 अथवा उससे पूर्व प्रथमा,पूर्व मध्यमा प्रथम अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। या पूर्व मध्यमा द्वितीय अथवा समकक्ष परीक्षा अनुत्तीर्ण हो। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व मध्यमा प्रथम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

ऑनलाइन माध्यम से अग्रिम पंजीकरण, परीक्षा शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने हेतु निम्नवत् समय सारिणी निर्धारित है:—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण/ परीक्षा शुल्क जमा करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र अपलोड कर पूरित करने की तिथि। | 22.08.2024 से 10.09.2024 तक |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | रुपये 25=00 विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि। | 11.09.2024 से 15.09.2024 तक |
| 3 | आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु वेबसाइट की उपलब्धता एवं आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने की तिथि। | 16.09.2024 से 26.09.2024 तक |
| 4 | परीक्षा आवेदन पत्र, पंजीकरण शुल्क, परीक्षा शुल्क विवरण, नामावली एवं संख्या सूचक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 27.09.2024 से 30.09.2024 तक |
| 5 | जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संकलित संख्या सूचक चक्र के साथ आवेदन पत्रादि परिषद कार्यालय में जमा करने की तिथि। | 05.10.2024 |
| 6 | नामावली /संख्या सूचक मे परिलक्षित त्रुटियों के सुधार हेतु पुनः वेबसाइट की क्रियाशीलता/उपलब्धता | 10.10.2024 से 25.10.2024 तक |
| 7 | विद्यालय स्तर पर त्रुटि सुधार के पश्चात् परिषद कार्यालय को छात्र विवरण की नामावली प्राप्त कराने की अंतिम तिथि। | 28.10.2024 |
| 8 | प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | 10.01.2025 से 25.01.2025 तक |
| 9 | प्रयोगात्मक परीक्षो के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | 10.01.2025 से 25.01.2025 तक |
| 10 | सतत् मूल्यांकन के अंकों को वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि | 01.02.2025 से 10.02.2025 तक |
| 11 | प्रवेश पत्र डॉउनलोड करने की तिथि | 10.02.2025 से 14.02.2025 तक |
| 12 | विद्यालय /केन्द्र प्रयोगार्थ नामावली परिषद कार्यालय से प्राप्त करने की तिथि । | 15.02.2025 |
| 13 | बोर्ड परीक्षा का आयोजन | फरवरी 2025 के तृतीय सप्ताह से |

कृपया उपरोक्तानुसार संदर्भित परीक्षाओं के प्रयोगार्थ अग्रिम पंजीकरण/आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु अपने स्तर से मण्डल एवं जनपद में संचालित माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को निर्देशित कर दें कि वे निर्धारित समय सारिणी के अनुरुप परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण कर लें। निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् आवेदन पत्र भराये जाने हेतु कोई विचार नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत परीक्षार्थी भी इन्हीं तिथियों में अग्रिम पंजीकरण एवं आवेदन पत्र भर सकेंगे। व्यक्तिगत अग्रसारण केन्द्र निर्धारण की सूचना अविलम्ब परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये। अग्रसारण केन्द्र के अतिरिक्त कोई भी विद्यालय व्यक्तिगत आवेदन पत्र अग्रसारित नहीं कर सकेगा।

पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान सचिव संस्कृत परिषद के बचत खाता संख्या 0303000109098676 में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा किया जायेगा। शुल्क जमा करने के प्रमाण स्वरूप यू0टी0आर0संख्या/जमा पर्ची उसी तिथि को परिषद की ई-मेल आई0डी0 upmssplucknow@gmail.com पर भेजना होगा। परिषद को शुल्क की धनराशि जमा होने का प्रमाण प्राप्त होने के 24 घंटे के अन्तर्गत विद्यालय हेतु पंजीकरण एवं परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने के लिए वेब पोर्टल क्रियाशील हो सकेगा। उक्तवत् स्थिति से समस्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को निर्देशित कर दें कि वे उपरोक्त समयसारिणी के अनुसार परिषद कार्यालय को पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से संदर्भित खाते में जमा कर जमा रसीद प्राप्त कर परिषद को भेजें, ताकि अग्रिम पंजीकरण एवं परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने हेतु वेब पोर्टल क्रियाशील हो सके। विद्यालय पंजीकरण शुल्क एवं परीक्षा शुल्क पृथक-पृथक जमा करेंगे तथा जमा रसीद भी अलग-अलग प्राप्त कर परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। रसीद के ऊपर पंजीकरण/परीक्षा शुल्क अंकित करना अनिवार्य होगा।वेबसाइट पर विषय ग्रुप अंकित हैं जिसके आधार पर परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र पूरित किये जायेंगे। निर्धारित विषय से इतर विद्यालयों द्वारा छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भराये जायेंगे।

परीक्षा आवेदन पत्र में विद्यार्थी का आधार नम्बर अंकित करना अनिवार्य है साथ ही आवेदन पत्र में छात्र विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भराया जाना अनिवार्य है। छात्र एवं प्रधानाचार्य आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व आवेदन पत्र में अंकित सभी प्रविष्टियों की भली-भाँति जॉच कर लें ताकि कोई त्रुटि न रहने पाये। उन्हीं विद्यालयों द्वारा विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग में आवेदन पत्र भराये जायेंगे जिन्हें संस्कृत परिषद द्वारा विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग में मान्यता प्रदान की गयी हो।

कृपया एतद्विषयक निर्देश सभी संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को अपने स्तर से तत्काल निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

डा0 (महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
18-पार्क रोड, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या0: सं0परि0 / परी0–25 / 11672-12930 / 2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. संयुक्त सचिव, संस्कृत शिक्षा (9) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ।
3. निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं उ0प्र0 प्रयागराज।
4. उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अपने मण्डल में संचालित समस्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को उक्तवत् समय सारिणी एवं निर्देशों के अनुरुप परीक्षा सम्बंधी कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
5. समस्त प्रधानाचार्य, माध्यमिक संस्कृत विद्यालय उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे निर्धारित समयान्तर्गत पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए निर्धारित विषय ग्रुप के अनुसार पंजीकरण एवं आवेदनपत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

(शिव लाल)
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
शाहमीना रोड़, लखनऊ।

षक,

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन,शाहमीना रोड, लखनऊ।

सेवा में,

1 संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2 जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: सं0परि0/परी0–25/ 15861-16957 /2024–25 दिनांक सितम्बर 12-09-2024

विषय: उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाओं हेतु पंजीकरण/परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए पूर्व निर्धारित तिथि में वृद्धि किए जाने के सम्बंध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक:सं0परि0/परीक्षा–25/ 11672–12930 /2024–25 दिनांक 21.08.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही परीक्षाओं हेतु पंजीकरण, शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने आदि के सम्बंध में तिथियां निर्धारित की गयी थीं। कतिपय विद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि में वृद्धि किए जाने का अनुरोध किया जा रहा है। परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न विवरण के अनुसार परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथियों में वृद्धि करते हुए वेबसाइट को क्रियाशील किया जा रहा है–

| क्र0सं0 | वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के छात्र/ छात्राओं (संस्थागत/व्यक्तिगत) के पंजीकरण और परीक्षा शुल्क आदि जमा करने की निर्धारित तिथियां | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित/अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि | 22.08.2024 से 10.09.2024तक | 21–09–2024 |
| 2 | रुपये 25=00 विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि। | 11.09.2024 से 15.09.2024 तक | 25–09–2024 |
| 3 | परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने एवं आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु वेबसाइट की उपलब्धता तथा आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने की तिथि। | 16.09.2024 से 26.09.2024 तक | 30–09–2024 |
| 4 | परीक्षा आवेदन पत्र, पंजीकरण शुल्क, परीक्षा शुल्क विवरण, नामावली एवं संख्या सूचक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 30.09.2024 | 05.10.2024 |
| 5 | जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संकलित संख्या सूचक चक्र के साथ आवेदन पत्रादि परिषद कार्यालय में जमा करने की तिथि। | 05.10.2024 | 08.10.2024 |

उपरोक्त व्यवस्थानुसार आवेदन पत्रादि पूरित करने हेतु वेबसाइट को क्रियाशील किया गया है। अन्य तिथियाँ पूर्ववत् निर्धारित रहेंगी। कृपया उपरोक्तानुसार जनपद एवं मण्डल में संचालित माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को इस सम्बंध में तत्काल अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय
12.9.2024
(शिव लाल)
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड,लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0/परी0–25/ 15861-16957 /2024–25 तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेशमाध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद 18, पार्क रोड लखनऊ।
2. प्रधानाचार्य, समस्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. प्रधान सम्पादक हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में उपरोक्त विज्ञप्ति को जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

12.9.2024
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड, लखनऊ।

प्रेषक,

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन,शाहमीना रोड, लखनऊ।

सेवा में,

1 संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2 जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: सं0परि0 / परी0–25 / 17017-18257 / 2024–25 दिनांक 26 सितम्बर, 2024

विषय: **उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाओं हेतु पंजीकरण / परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए पूर्व निर्धारित तिथि में वृद्धि किए जाने के सम्बंध में।**

महोदय

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक:सं0परि0 / परीक्षा–25 / 15861–16957 / 2024–25 दिनांक 12.09.. 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही परीक्षाओं हेतु पंजीकरण, शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने आदि के सम्बंध में तिथियां निर्धारित की गयी थीं। कतिपय विद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि में वृद्धि किए जाने का अनुरोध किया जा रहा है। परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न विवरण के अनुसार विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथियों में वृद्धि करते हुए वेबसाइट को क्रियाशील किया जा रहा है–

| क्र0सं0 | वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के छात्र / छात्राओं (संस्थागत / व्यक्तिगत) के पंजीकरण और परीक्षा शुल्क आदि जमा करने की निर्धारित तिथियां | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | रुपये 25–00 विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि। | 21.09.2024 से 25.09.2024 तक | 05–10–2024 |
| 2 | परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने एवं आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु वेबसाइट की उपलब्धता तथा आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने की तिथि। | 16.09.2024 से 26.09.2024 तक | 10–10–2024 |
| 3 | परीक्षा आवेदन पत्र, पंजीकरण शुल्क, परीक्षा शुल्क विवरण, नामावली एवं संख्या सूचक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 05.10.2024 | 15.10.2024 |
| 4 | जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संकलित संख्या सूचक चक्र के साथ आवेदन पत्रादि परिषद कार्यालय में जमा करने की तिथि। | 08.10.2024 | 20.10.2024 |

उपरोक्त व्यवस्थानुसार आवेदन पत्रादि पूरित करने हेतु वेबसाइट को क्रियाशील किया गया है। अन्य तिथियॉ पूर्ववत् निर्धारित रहेंगी। कृपया उपरोक्तानुसार जनपद एवं मण्डल में संचालित माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को इस सम्बंध में तत्काल अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय
(शिव लाल)
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड,लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0 / परी0–25 / / 2024–25 तददिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेशमाध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद 18, पार्क रोड लखनऊ।
2. प्रधानाचार्य, समस्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. प्रधान सम्पादक हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में उपरोक्त विज्ञप्ति को जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
संस्कृत भवन, शाहमीना रोड, लखनऊ।